**Fourteenth Loksabha**

## Session : 6
## Date : 29-11-2005

## Participants : Singh Ch. Lal

>

# Title : Need to restore electricity in Jammu and Kashmir and other parts of the country.

**चौधरी लाल सिंह (उधमपुर)** : अध्यक्ष महोदय, आपकी आज्ञा से मैं अपनी रियासत का एक मामला उठाना चाहता हूं जो पूरे हिन्दुस्तान का मसला बना हुआ है। आप जानते हैं कि पिछले र्वा हमारे राज्य में एक एवलांच आया था और भारी बरसात हुई थी। हिन्दुस्तान की और जगहों पर भी ऐसा हुआ था। 24 हजार करोड़ रुपये का पैकेज रियासत जम्मू और कश्मीर को दिया है। उसमें बिजली के पैसे भी इनको दियÉä[h22]। इस कारण इलेक्ट्रीसीटी डेमेज हो गई, विशो तौर से उधमपुर, कठुआ और डोडा जिले में सारे ट्रांसफार्मर्स भी डेमेज हो गए। दूर-दराज के इलाकों में जैसे बमाग और लाली का एरिया, कटरा और चेहरी का एरिया, लगभग एक र्वा हो गया है अभी तक इन इलाकों को बिजली से जोड़ा नहीं गया है। उस एरिया में ज्यादातर जनसंख्या बगैर बिजली के रहती है। एक र्वा के बाद भी उनको बिजली नहीं मिल पाई है। इस पर सरकार क्या कर रही है? मेरी प्रार्थना है कि सरकार इस पर गंभीरता से ि वचार करे।